हनुमानगढ़ से प्रकाशित एवं प्रसारित

आर.एन.आई रजि. नं.: RAJBIL/2023/88776, पोस्टल रजि. नं. : श्रीगंगानगर/311/2024-26

NAVRATAN BHARAT

# नवरतन भारत

सकारात्मक खबरों का मंच

Navratan Bharat FOLLOW US

अंक 09,वर्ष 3
पृष्ठ 4, मूल्य 5
मंगलवार
हनुमानगढ़ 24 फरवरी 2026
हिन्दी/अंग्रेजी /साप्ताहिक

प्रधान संपादक लक्ष्मीनारायण स्वामी कार्यालय लक्ष्मीनारायण स्वामी गोविंद सिंह नगर हनुमानगढ़ जं. M.94130-44646 Email:- info@navratanbharat.com

## सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) भर्ती-2024—

जयपुर, 23 फरवरी। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) भर्ती-2024 के तहत पात्रता जांच के लिए विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को किया गया था। उक्त परीक्षा में उपस्थित एवं संबंधित सेवानियमानुसार न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त 186 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है।

विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह चयन/वरीयता सूची नहीं है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन कराये जाने के पश्चात आयोग द्वारा जारी की जायेगी।

उपरोक्तानुसार विचारित सूची में अस्थाई रुप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर माय रिक्रूटमेंट-डीटेल्ड फॉर्म कम स्क्रूटनी- अप्लाई नाउ का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें।

ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र भरने हेतु आयोग द्वारा दिनांक 27 फरवरी से 5 मार्च 2026 (रात्रि 11.59) तक लिंक खोला जायेगा। इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच संबंधित विभाग (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) द्वारा ही की जायेगी।

अतः ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने व सबमिट करने के उपरांत प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 02 प्रतियों में प्रिन्ट कर अपने पास संभाल कर रखें एवं एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जायेगी। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए परिणाम में विचारित नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

संबंधित विभाग से दस्तावेज जांच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभाग द्वारा आयोग को भेजी जायेगी, जिसके उपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु संबंधित विभाग को अभिस्तावित किये जायेंगे।

### 30 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित —

उक्त परिणाम के अंतर्गत आयोग द्वारा 10' से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प नहीं भरने के कारण 30 अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु अयोग्य घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के रोल नंबर पृथक से आयोग की वेबसाइट पर जारी

## कृषि मेले में विधिक सहायता स्टॉल रही आकर्षण का केन्द्र

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646




जिला प्रशासन, एमएसएमई विभाग एवं श्री खुशालदास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कृषि मेले का आयोजन दिनांक 21.02.2026 से 23.02.2026 तक श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। अतः उक्त मेले में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हनुमानगढ़ के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय संचालित लीगल एड क्लिनिक द्वारा एक विधिक सहायत स्टॉल लगायी गयी। जिससे ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले किसानों व आमजन को इसका लाभ मिल सके। उक्त स्टॉल का संचालन श्री विक्रम सिंह विभागाध्यक्ष विधि विभाग, प्रभारी, लीगल एड क्लिनिक द्वारा किया। स्टॉल पर ग्रामीण अंचल के किसानों व आमजन को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाऐं जैसे नालसा संवाद, जागृति, निःशुल्क विधिक सहायता हैल्पलाईन 15100, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों की प्रकृति आदि के बारे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ एलएडीसी अधिवक्ता ऋषि राज बेनीवाल द्वारा बताया गया एवं उक्त सभी योजनाओं से संबंधित पैम्पलेटस का भी वितरण किया गया।

## सरहेड़ा में सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व पूर्व मंत्री अनूप धानक रहे उपस्थित

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646




हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) उकलाना विधानसभा के गांव सरहेड़ा स्थित बूथ संख्या 163 पर रविवार को कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी हरियाणा सुरेन्द्र पूनिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री हरियाणा सरकार अनूप धानक की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उन्हें आत्मसात करने का संकल्प लिया।इस दौरान प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि आज 'मन की बात' केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम नहीं रह गया है, बल्कि यह देश के हर जन-जन की आवाज बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से समाज के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिलती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनवीर पूनिया के सभी अतिथिगणों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव युवा मोर्चा भाजपा हरियाणा विपिन लोहिया,अनूप घनघस चेयरमैन ब्लॉक समिति बरवाला,मार्केट कमेटी बरवाला चेयरमैन प्रवीण सैनी,मंडल अध्यक्ष बरवाला मोनू संदूजा,वाइस चेयरमैन रोशन घनघस,वरिष्ठ भाजपा नेता देशराज वर्मा,नरेंद्र पूनिया,मनोनीत पार्षद पंकज बादल,मनजीत पुनिया,सोनू लाठर,बलजीत सिवाच,जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा,वरिष्ठ भाजपा नेता तरसेम पूनिया,सतीश,शमशेर,जसबीर,मन जीत सरपंच, परमित पूनिया,ईश्वर सरपंच सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नये नियमों के अनुसार हमारा वेतन व कन्वेंस करवाने के लिए कम्पनी इन्डस टावर को पाबन्द किया जाये

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646

हनुमानगढ़। टेक्निशियन एम आर जी प्राईवेट लिमिटेड में कार्यरत कर्मचारीयो कि सम्बधित शाखा सीटू के साथ टैक्नीशियन वर्क्स एण्ड टावर युनियन सीटू के बैनर तले आज जिला कलक्टर महोदय, हनुमानगढ़ को एक ज्ञापन कामरेड रामेश्वर वर्मा के नेतृत्व में उनखण्ड



अधिकारी को सौपा और मांग कि नये नियम के अनुसार सभी टेक्निशियन वेतन व कन्वेस करवाने के लिए कम्पनी इन्डस टॉबर को पावन्द बाबत किया जाये उन्होने कहा इन्डस टॉवर एक टेलीकॉम कम्पनी है जो ऐयरटेल, वोडाफोन, जीयो, बीएसएनएल व अन्य ऑपरेटर टॉवर व पॉवर इन्फाराटेक्चर उपलब्ध करवाता है। हम टेक्निशियनों का द्वारा लोगों के घर तक नेटवर्क पहुंचाने का कार्य 24धण्टे 7 दिन किया जाता है। सभी कर्मचारी 2008 से कार्य कर रहे, है टॉवर मेन्टिनेंस बनाये रखने के लिए इन्डस टावर हमें नाम मात्र का वेतन देती है जो 10,000/- रूपये अखरे दस हजार रूपये है व एक महिने का टावर मेन्टीनेंस का एक बार 200 /- रूपये महिने का पैट्रोल खर्चा एक टावर का दिया जाता है. चाहे महिने में एक बार विजिट हो या 20 बार विजिट हो मात्र 200/- रूपये ही दिये जाते हैं। एक टेक्निशियन को 20 से 25 टावर शहरी क्षेत्र में दिये जाते हैं व ग्रामीण एरिये में 20 से 22 टावर दिये जाते हैं। इन टावरों में मेन्टिनेंस कार्य 24 घण्टे सातों दिन देखना पड़ता है आज के समय में मंहगाई को देखते हुए 10,000/- रूपये वेतन कम है। आपसे निवेदन है राजस्थान के हम सभी टेक्निशियनों द्वारा 17 सूत्री मांगों का ज्ञापन कम्पनी को दिया जा चुका है परन्तु उस पर आज तक किसी प्रकार का रिस्पोंस कम्पनी की तरफ से नहीं मिला है। हम सभी टेक्निशियनों ने निर्णय लिया है कि मंहगाई के दौर में सरकार के नियमों को देखते हुए मासिक वेतन 35.000 /- रूपये किया जावे व कन्वेस पर टावर 500 रूपये पर टावर कन्वेस दिया जावे व रात को कम्पनी द्वारा मेन्टिनेंस के लिए जिले में आपातकालीन परिस्थिती में नेटवर्क मेन्टिनेंस के लिए फोरविलर कम्पनी द्वारा उपलब्ध करवाया जावे व साईटों की संख्या निर्धारित की जावे हम सभी राजस्थान के टेक्निशियनों ने फैसला लिया है कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो तारीख निर्धारित कर सभी टेक्निशियन हड़ताल पर जायेंगे नेटवर्क बन्द होने व हर तरफ के नफे नुकसान की कम्पनी जिम्मेवार होगी। आप से निवेदन है कि नये नियमों के अनुसार हमारा वेतन व कन्वेंस करवाने के लिए कम्पनी इन्डस टावर को पाबन्द किया जाये। इस मौके पर रामेश्वर वर्मा, रघुवीर वर्मा, अध्यक्ष रणवीर मटोरिया, सचिव भुपेन्द्र ज्याणी, वेद मक्कासर, जगदीश मेहरिया, जतिन कामरा, जनक देहडू, महेन्द्र, टैक्नीशियन वर्क्स एण्ड टावर युनियन सीटू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 25 फरवरी को

श्रीगंगानगर, 23 फरवरी। उपश्रेत्रीय रोजगार कार्यालय श्रीगंगानगर द्वारा 25 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई श्रीगंगानगर में प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों (बीमा, मेडिकल, एग्रीकल्चर, फाइनेन्स, आईटी, बैंकिंग सेक्टर) द्वारा दसवीं, बारहवीं पास, स्नातक उत्तीर्ण एवं आईटीआई उत्तीर्ण आशार्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक आशार्थी रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन हेतु क्यूआर कोड को स्केन करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रोजगार के इच्छुक युवा अपने साथ स्वयं के पांच फोटो (पासपोर्ट साईज), मूल शैक्षणिक कागजात (दो सैट फोटोस्टेट प्रतियों सहित) व मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र आदि साथ लेकर आवें।

(कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में रजिस्ट्रेशन हेतु क्यूआर कोड)

## शहर के सुरेशिया क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं और खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646



हनुमानगढ़। शहर के सुरेशिया क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं और खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में पार्षद राजेन्द्र चौधरी ने नेतृत्व में नागरिकों ने सोमवार को जंक्शन पुलिस थाना में लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आमजन में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। इसके साथ ही हेरोइन सहित अन्य नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नशे की लत के कारण युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है तथा आपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया कि हाल ही में हुई चोरी की घटना के संबंध में सुरेशिया पुलिस चौकी में सूचना देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में असंतोष है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि सुरेशिया क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर चोरी व नशे की बिक्री पर रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मौके पर पार्षद सिंगाराम विकास शर्मा, अशोक गोरी,संजय राजपूत,ममता रानी,हेमन्त कुमार,मोहित कुमार,मनदीप सिंह,रोशन लाल,लक्ष्मण,कुलदीप कुमार,रिछपाल भाट,राजू भाट,दरबारा सिंह,कृष्ण कुमार,संजय सिंह,देव कुमार, आदि वार्डवासी मौजूद रहे।

## भक्तिमय भजनों से सराबोर हुआ नॉर्थ प्वाइंट स्कूल; मोबाइल से दूरी बनाने का दिया संदेश

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646



नॉर्थ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में दिव्य सत्संग एवं भजन संध्या का सफल आयोजन।समाजसेवी तरुण विजय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।साध्वी कमलेश्वरी भारती एवं सविता भारती ने भजनों से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध।14 मार्च को विशाल कलश यात्रा और 16 मार्च से श्रीमद्भागवत कथा का होगा आगाज़।

**विस्तृत समाचार:**

भक्ति और अध्यात्म का संगम दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में हाउसिंग बोर्ड स्थित नॉर्थ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने शिरकत की और भक्ति रस का आनंद लिया।

अतिथियों का संदेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री तरुण विजय रहे। उन्होंने साध्वी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर के चरणों में बिताए गए कुछ पल जीवन को शांति और सुखद अनुभूति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मोबाइल और संस्कृति पर गंभीर चर्चा साध्वी सविता भारती ने आधुनिक जीवनशैली पर प्रहार करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहाःहमें अपने बच्चों को मोबाइल की लत से बचाना होगा। यह तकनीक हमारी सभ्यता और संस्कृति को नष्ट कर रही है और परिवारों के टूटने का कारण बन रही है। दिन भर में कुछ समय निकालकर प्रभु से वार्तालाप अवश्य करें। 'आगामी कार्यक्रमः श्रीमद्भागवत गीता पाठ संस्थान द्वारा आगामी धार्मिक अनुष्ठानों की घोषणा भी की गईः

**14 मार्च: माता-बहनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।**

16 मार्च से 22 मार्च: जंक्शन स्थित अनाज मंडी में श्रीमद्भागवत गीता पाठ का भव्य आयोजन होगा।

समापन भजन संध्या के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मधुर भजनों और प्रेरणादायक प्रवचनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।

## श्री करणी कथा का शुभारंभ, पहले दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवरतन भारत न्यूज 94130-44646



- महत डॉ श्री करनी प्रताप सिंह ने सुनाई माता के जन्म की कथा, फूलों की वर्षा के बीच गूंजी आरती

हनुमानगढ़। जंक्शन नई धान मंडी स्थित श्री करणी माता मंदिर परिसर में श्री करणी कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सर्व समाज के हजारों महिला-पुरुषों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरा पांडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया।

कथा के आरंभ से पूर्व मुख्य यजमान विधायक प्रतिनिधि संतोष बंसल एवं श्रीमती भवर कंवर जोधा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन हुआ और माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

महत डॉ श्री करनी प्रताप सिंह ने प्रथम दिवस की कथा में माँ करणी के दिव्य जन्म, उनके चमत्कारों और लोककल्याणकारी जीवन का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार माता ने समाज में धर्म, सेवा और त्याग का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर माता के जयकारे लगाते रहे। शाम 5 बजे माताजी की भव्य आरती की गई, जिसमें पूरा पांडाल श्रद्धा से सराबोर हो गया। आरती के समय भजन प्रवाहक किन्नू बना ने भजनों के प्रवाह से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फूलों की वर्षा कर भक्तों ने अपनी आस्था प्रकट की।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संतोष बंसल ने कहा कि माँ करणी केवल एक देवी स्वरूप नहीं बल्कि शक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा आगामी दिनों तक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। कथा स्थल पर दिनभर भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंगा रहा।

इस मौके पर सरोज जिंदल, बिमला चारण, लक्ष्मी मोठसरा,सीमा रानी, सुमन शर्मा, गयात्री गोयल, बेबी कंवर, गोपाल सिंह, संतोष कंवर, समंदर सिंह, दुर्गेश कंवर, नील कंवर, कैलाश कवर,अजय राजावत, कृष्णा कवर राजावत, भवरी कंवर, सुशीला कंवर राजावत, श्याम कंवर, प्रेम सिंह राजावत, रूपसिंह राजावत, गोपाल सिंह राठौड़, दलीपराम, तनसुखराम, प्रेम कुम्हार, अमर सिंह, विजय सिंह पन्नीवाली, सोहन सिंह, गोविन्द सिंह, गोपी सिंह, प्रवीण सिंह, राजेश्वर, महिपाल सिंह राठौड़, महावीर सिंह, गोपी सिंह, अतर सिंह, छज्जूराम गोयल, धर्म सिंह शेखावत, बहादुर सिंह शेखावत, जसकरण सिंह, अक्षयदान चारण, भागीरथदान चारण, शम्भूदान चारण, गोपाल सिंह राठौड़, धर्म सिंह शेखावत, धनसिंह राठौड़, राजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, पाथ चारण, गोविन्द सिंह शेखावत व अन्य श्रद्धलुओं मौजूद थे।

### आवश्यक सूचना!

नोट-अखबार प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। फिर भी वाद-विवाद की स्थिति में तमाम न्याय क्षेत्र हनुमानगढ़, राजस्थान होगा।

www.navratanbharat.com,email:-navratnbharat@gmail.com,Mob:-94130-44646

# 9वां भगवा होली महोत्सव 2 मार्च को



नवरतन भारत न्यूज
94130-44646

ऐलनाबाद, 23 फरवरी (रमेश भार्गव) विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा सभी शहर वासियों के सहयोग से होली महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर आज शहर के डीएवी स्कूल में एक मीटिंग रखी गई मीटिंग मे आगामी 2 मार्च सोमवार को होली के कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र पूरे शहर में डोर टू डोर देने के लिए सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई. यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी देवेंद्र गोयल ने आज इस संवाददाता को.दी उन्होंने बताया कि 9वां 'भगवा होली महोत्सव' का शुभारंभ नोहर रोड स्थित बालाजी धाम बगीची से दोपहर 2:00 बजे शुरू होकर मुख्य बाजार के पंचमुखी चौक, ममेरा चौक, गांधी चौक,चौधरी देवीलाल चौक, टिब्बी चौक से होते हुए शाम को नचिकेतन मॉडल स्कूल,उधम सिंह चौक में संपन्न होगी. देवेंद्र गोयल ने बताया कि इस 9वें 'भगवा होली महोत्सव' में मुख्य अतिथि राधेश्याम जी छापोला (समाजसेवी) व वशिष्ठ अतिथि राजीव वधवा (अध्यक्ष युवा अरोड़ वंश सेवा समिति )तथा स्वागतकर्ता अमित सर्वटा (अध्यक्ष भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी) होंगे.

उन्होंने बताया कि होली उत्सव पर राजस्थानी वेशभूषा में डफ व धमाल के साथ पूरे बाजार में होली खेलते हुए रंग और गुलाल उड़ाते हुए बालाजी धाम से दोपहर को 2:00 बजे प्रस्थान.करेंगे. देवेंद्र गोयल ने बताया कि इस उत्सव पर एक लकी ड्रा कूपन से दस एवं एक बंपर ड्रॉ होगा,बंपर ड्रॉ वाले को साइकिल दी जाएगी द्य.कूपन 2 मार्च सोमवार को 9:00 बजे से 1:00 बजे तक जमा करवा देवे( बालाजी धाम बगीची) में एक व्यक्ति एक ही कूपन जमा करवा सकता है तथा उपहार इस व्यक्ति को दिया जाएगा जिसके पास मौके पर कार्ड होगा.

# श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का फाल्गुन मेला 24 से 28 फरवरी तक

नवरतन भारत न्यूज
94130-44646

ऐलनाबाद, 23 फरवरी (रमेश भार्गव )शहर के ममेरा रोड स्थित सिद्ध पीठ श्री श्याम मंदिर का फाल्गुन मेला 24 से 28 फरवरी तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा कल 24 फरवरी को सुबह 10:15 बजे रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें उपमंडल क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लेंगे.उसी दिन 3:15 बजे मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा!अगले दिन 25 फरवरी को ध्वजाशोभा व कलश यात्रा दोपहर 12:15 बजे शहर के रेलवे रोड स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे बाजार का भ्रमण करती हुई शाम को सिद्ध पीठ श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर संपन्न होगी ध्वजा शोभा यात्रा में विभिन्न देवी -देवताओं की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी जो की देखने लायक होगी,26 फरवरी को अखंड ज्योति पाठ सुबह 9:15 बजे कथा वाचक सुरेश जी शर्मा भादरा वाले द्वारा किया जाएगा जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालु पाठ में हिस्सा.लेंगे27 फरवरी को मंदिर प्रांगण में विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा,जिसमें भजनामृत की वर्षा के लिए सोनी सिस्टर दिल्ली, शशिकांत श्रीगंगानगर, कन्हैया झा रायसिंहनगर, पंकज म्यूजिकल ग्रुप हनुमानगढ़ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो पूरी रात्रि श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों से श्रोता- श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे यह पांच दिवसीय प्रोग्राम 28 फरवरी को भंडारे के साथ संपन्न होगा.



इस पांच दिवसीय प्रोग्राम में मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है लोग दूर-दूर से यहां माथा देखने के लिए आते हैं और श्रद्धालुओं की हर मन्नत यहां पूरी होती है

# गौरवमयी व गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित हो ईएसएम रैली : सुराणा



जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय पर 08 मार्च को प्रस्तावित ईएसएम रैली को लेकर अधिकारियों को सौंपे दायित्व, दिए निर्देश

एसपी जय यादव, ब्रिगेडियर रणजीत सिंह संधू, एडीएम अर्पिता सोनी, कर्नल संदीप पानीग्राही सहित अधिकारी रहे मौजूद

चूरू, 23 फरवरी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में चूरू जिला मुख्यालय पर 08 मार्च को प्रस्तावित ईएसएम (एक्स– सर्विसमैन) रैली को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए विस्तृत निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईएसएम रैली का आयोजन गौरवमयी एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया जाए। आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था में अनुशासन, संवेदनशीलता और सम्मान का भाव हो। रैली में आने वाले पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि रैली स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इसी के साथ सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा चिकित्सा, पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को समुचित दायित्व सौंपते हुए कहा कि विभागों के बीच मजबूत समन्वय रहे तथा समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

एसपी जय यादव ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखी जाए। सभी विभागीय अधिकारी कार्मिकों के पास आदि के लिए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें।

ब्रिगेडियर रणजीत सिंह संधू ने ईएसएम रैली के दौरान सभी विभागों से अपेक्षित सहयोग का आग्रह करते हुए आयोजन की जानकारी दी तथा सैन्य अधिकारियों व प्रशासन के सहयोग से सफलतम आयोजन की बात कही।

कर्नल संदीप पानीग्राही ने आयोजन के दौरान सभी गतिविधियों व विभागों से अपेक्षित सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कालरीपायट्टू, सिलमबट्टम, हॉट एयर बैलून, डॉग शो, गटका, पाइप बैंड, मलखंभ, फ्लाईपास्ट बाई एएलएच/ डब्ल्यूएसआई व ईक्विपमेंट डिस्प्ले सहित आयोजन की जानकारी दी।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी सतपाल सिंह, डीटीओ नरेश कुमार बसवाल, सानिवि एसई पंकज यादव, लेफ्टिनेंट कर्नल ए रंजन सहित अन्य अधिकारी भी बैठक मौजूद रहे।

# 24 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय में लगेगा कैम्पस प्लेसमेंट शिविर



नवरतन भारत न्यूज
94130-44646

हनुमानगढ़, 23 फरवरी। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान (रोजगार विभाग) की ओर से 24 फरवरी, 2026 को जिला रोजगार कार्यालय परिसर, हनुमानगढ़ जंक्शन में प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में रोजगार और स्वरोजगार प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न संस्थाएं भाग लेंगी।

जिला रोजगार अधिकारी श्री विनोद गोदारा ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां, फर्टिलाइजर कंपनियां, इंश्योरेंस सेक्टर, आरएसएलडीसी सहित विभिन्न संस्थान शामिल होंगे।

इन संस्थाओं द्वारा 10वीं, 12वीं, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन मशीन ऑपरेटर, फील्ड ट्रेनी, सेल्स मैनेजर, बैंक ऑफिसर आदि पदों के लिए किया जाएगा।

## मोबाइल एकेडमी व किलकारी सेवा से मजबूत हो रहा मातृ-शिशु स्वास्थ्य संचार : डॉ. नवनीत शर्मा

नवरतन भारत न्यूज
94130-44646

हनुमानगढ़। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने की दिशा में जिले में मोबाइल एकेडमी एवं किलकारी कार्यक्रम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को सरल माध्यम से पहुँचाना तथा आशा सहयोगिनियों की क्षमता को तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से मजबूत करना रहा।सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित किलकारी सेवा के माध्यम से पीसीटीएस में पंजीकृत महिलाओं को नियमित वॉयस मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। इससे गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद आवश्यक सावधानियों, पोषण, टीकाकरण तथा शिशु देखभाल संबंधी जानकारी घर बैठे मिल रही है। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि किलकारी सेवा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की पहल है, जिसके तहत लाभार्थी महिला को गर्भकाल के चौथे माह से वॉयस मैसेज मिलना शुरू हो जाता है। शिशु के जन्म के बाद भी एक वर्ष की आयु तक संदेश भेजे जाते हैं। इन संदेशों में एएनसी जांच, सुरक्षित प्रसव, एचबीएनसी देखभाल, परिवार कल्याण और पूर्ण टीकाकरण जैसे विषय शामिल रहते हैं।मोबाइल एकेडमी से आशाओं का कौशल विकास कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर व्यास ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि यह सेवा मातृ-शिशु स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी माध्यम बन रही है

# सावधान! इमोशनल ब्लैकमेल कर ठगे 50 हजार, चूरू पुलिस ने 24 घंटे में कराए रिफण्ड




राजस्थान के चूरू जिले से साइबर पुलिस की एक बड़ी कामयाबी सामने आई है। जहाँ तारानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के साथ हुई 50 हजार रुपये की साइबर ठगी की राशि को न केवल ट्रैक किया, बल्कि उसे वापस पीड़ित के खाते में रिफण्ड भी करवाया। आइए जानते हैं क्या था पूरा मामला।

घटनाः एक्सीडेंट का झूठा डर दिखाकर ठगे गए थे 50 हजार रुपये।

कार्रवाईः तारानगर पुलिस की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए राशि को किया होल्ड।

नतीजाः पीड़ित कुलवंत चौधरी को मिली अपनी गाढ़ी कमाई वापस।

विस्तृत रिपोर्टः

चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। मामला तारानगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ 'दीपिका डेंटल क्लीनिक' चलाने वाले कुलवंत चौधरी साइबर ठगी का शिकार हो गए थे।

क्या थी ठगी की मोडस ऑपरेंडी?

8 दिसंबर 2025 को पीड़ित के पास 'नासिर' नामक व्यक्ति का फोन आया। ठग ने बेहद शातिराना तरीके से कुलवंत को डराया कि उनका चचेरा भाई, जो कोलकाता में रहता है, एक गंभीर एक्सीडेंट में घायल हो गया है और अस्पताल में भर्ती है। घबराहट में जब पीड़ित ने अपने भाई को फोन लगाया तो वह स्विच ऑफ मिला। इसी डर का फायदा उठाकर ठग ने 1 लाख रुपये मांगे, जिसमें से पीड़ित ने 50,000 रुपये तुरंत ट्रांसफर कर दिए। बाद में हकीकत पता चलने पर ठग ने पीड़ित को ब्लॉक कर दिया।

पुलिस की त्वरित कार्रवाईः

शिकायत मिलते ही थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में साइबर पोर्टल पर तैनात कांस्टेबल ओमप्रकाश (बेल्ट नंबर 800) ने मोर्चा संभाला। ओमप्रकाश ने बिना समय गंवाए तकनीकी विश्लेषण के जरिए ट्रांजैक्शन को ट्रेस किया और संबंधित बैंक से संपर्क कर फ्रॉड की राशि को बीच में ही 'होल्ड' करवा दिया। पुलिस की इसी फुर्ती के कारण ठगी गई पूरी राशि (50,000 रुपये) पीड़ित के खाते में वापस रिफण्ड हो गई है।

पुलिस की जरूरी एडवाइजरीः

पुलिस प्रशासन ने इस सफलता के साथ ही आमजन के लिए चेतावनी और सुझाव भी जारी किए हैंः

तत्काल सूचना देंः यदि आप साइबर फ्रॉड का शिकार होते हैं, तो तुरंत 1930 डायल करें या **cyber-crime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

अनजान लिंक से बचेंः किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक या त्क्र कोड को क्लिक न करें।

सुरक्षा कवचः अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर **Two-Step Verification** जरूर ऑन रखें।

सत्यापनः किसी भी अनहोनी की सूचना मिलने पर घबराएं नहीं, पहले विश्वसनीय सूत्रों से खबर की पुष्टि करें।

'जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें। आपकी सतर्कता ही साइबर ठगों का सबसे बड़ा इलाज है।' – चूरू पुलिस

# पंच गौरव कृषि मेला 2026 सम्पन्न :

नवरतन भारत न्यूज
94130-44646

हनुमानगढ़। जिला प्रशासन, एमएसएमई व श्री खुशाल दास यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में कृषकों के लिए 21 से 23 फरवरी तक आयोजित हुआ। कृषि मेला 2026, 'पंच गौरव अन्नदाता से अन्नपूर्णा तक का समृद्धि पथ' का सोमवार को एसकेडी यूनिवर्सिटी में समारोहपूर्वक समापन हुआ। जिले में कृषकों के ज्ञानवर्धन, उनकी आय को दुगनी करने, कृषि के स्मार्ट समाधानों को किसानों तक पहुंचाने के लिए कृषि मेले का आयोजन हुआ। मेले में कृषक वैज्ञानिक संवाद, कृषि के स्टार्टअप स्टॉल, पशु सौंदर्य प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्रोन प्रदर्शन, लाइव डेमोंस्ट्रेशन मुख्य आकर्षण रहें। मेले को देखने के लिए जिले सहित दूसरे राज्यों से भी हजारों कृषक पहुंचे। सोमवार को कृषि महोत्सव के समापन समारोह में जिला कलेक्टर खुशाल यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का यह सबसे बड़ा मेला है। यूनिवर्सिटी में कृषि मेला लगाने की शुरुआत पिछले वर्ष से शुरू हुई। एसकेडी यूनिवर्सिटी में यह मेला हनुमानगढ़ में ही संभव था, क्योंकि यहां के कृषक ना केवल जागरूक है बल्कि वो नवाचारों को अपनाना भी चाहते है। इस मेले की सबसे बड़ी खूबी है कि इसमें अधिकतर कृषक स्वयं पहुंचे। मेले का उद्देश्य था कि किसानों का उत्सव के साथ ज्ञानवर्धन हो। जिला कलेक्टर खुशाल यादव ने कहा कि एसकेडी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह तीन दिवसीय यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का मेला किसानों ग्रामीणों व युवा साथियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मेले में प्रगतिशील किसान आये हैं। जो नये नवाचार कर रहें हैं। पेस्टीसाइड की मात्रा भोजन व सब्जी में बढ़ रही हैं उन सब चुनौतियों को कम करने के लिए कृषकों को समग्र और आर्थिक संबल दिलाने के लिए हमें लीग से हटकर कार्य करना होगा। कलेक्टर यादव ने कहा कि किसान यहां से कुछ ना कुछ खरीद कर जा रहे थे, यह इस बात की निशानी है कि वह नवाचारों को अपनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप इस मेले का आयोजन किया गया। जिससे किसानों की आय दुगुनी की जा सके। इसमें उन्नत किस्म के पशुओं के साथ पशुपालक भी मौजूद रहे, जिससे पशुपालक प्रेरणा लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सके। मेले में आए 23 करोड़ के मुर्रा नस्ल की उन्नत किस्म के भैंसे अनमोल तथा एक करोड़ रुपए से अधिक लागत के ट्रैक्टर व कम्बाइन जो आकर्षण का केंद्र, चर्चा का विषय रहे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में उप महानिदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन कितना चिंतित हैं किसानों को आर्थिक समद्ध बनाने के लिए उसका उदाहरण हैं यह अद्भुत व ऐतिहासिक कृषि मेला। विश्वविद्यालय ने किसानों को ऐसा मंच दिया है। जिसमें रिसर्च, वैज्ञानिक, बुद्धिजीवियों के मार्ग दर्शन में कृषक अपनी आय को कैसे बढ़ा सकता हैं। इस पर मथंन हुआ। मैने कृषि मेले में लगाई गई सभी स्टॉल का निरीक्षण किया था। ऐसे सभी उपकरण जिसमें किसानों ने रुचि दिखाई, उनको खरीदने के लिए कृषि विभाग के साथ मिलकर कृषकों को सब्सिडी दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। मेले में बीज से लेकर बाजार तक की किस्म नवाचारों को प्रस्तुत किया गया। कृषि को लेकर ऐसे कई स्मार्ट समाधान थे, जिसमें किसानों ने ना केवल रुचि दिखाई, बल्कि अपनाने को लेकर भी उत्साह दिखाया है। गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि पिछले वर्ष लगे मेले से इस मेले को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। सफलतम मेला आयोजित करने के लिए विश्विद्यालय की एक टीम को पूरे वर्ष भर देश में जितने भी बड़े कृषि मेले लगे। वहां-वहां भेजा गया और नवीनतम जानकारी प्राप्त कर, इस मेले में लागू की गई। हमारे क्षेत्र का कृषक खुशहाल होगा, तो हम भी खुशहाल होंगे। उन्होंने अपने उद्बोधन के अंत में अटल बिहारी वाजपेई के जय जवान, जय विज्ञान, जय किसान के नारे के साथ ही किसानों को तकनीकी एवं अनुभवों को मिलाते हुए उन्नति करने की अपील की। जुनेजा ने कहा कि हमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मेले के माध्यम से देश भर के ऐसे किसनों को जोड़ा हैं। जो कम जोत से नवाचार के माध्यम से कैसे अपनी आमदनी को दुगुना कर और खेती के अलावा और कोई नये नवाचार कर आय कैसे बढ़ाये। इसी मंशा हमने देश भर से वैज्ञानिकों को बुलाया है। जिनके मार्गदर्शन में यह नवाचार बना कृषि मेला साबित होगा। किसान तकनीकी को स्वीकार करें, तो उनकी आय में होगी वृद्धि विश्वविद्यालय चेयरपर्सन वरुण यादव ने कहा कि यह कृषि महोत्सव जिले के किसानों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मेरा किसानों से विशेष आग्रह है कि जिन्होंने इस कृषि महोत्सव में नवाचारों को देखा, वो उन्हें अपने खेतों में धरातल पर अपनाए। सभी कृषकों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा संचारित हुई है। किसान तकनीकी को खुले मन से स्वीकार करेंगे, तो उनकी आय में संवर्द्धन होगा। गोरख टीला धूणा प्रन्यास अध्यक्ष महंत रूपन-थ ने कहा कि कृषि मेले जैसे आयोजन प्रत्येक वर्ष आयोजित होने चाहिए। किसान देवता के समान है, उनका आदर होना चाहिए। किसानों और वैज्ञानिकों का आपस में निरंतर संवाद हो ताकि अनुभव और तकनीकी साझा हो। यहां आकर जिले का किसान बहुत खुश नजर आ रहा है। पहले किसान लुधियाना, हिसार जाते थे, जहां जिले के चुनिंदा किसान ही पहुंच पाते थे। इस आयोजन से जिले के किसान लाभान्वित हुए है। मेरा किसानों से आग्रह है कि उन्नत खेती की और जाए। मंच संचालन भीष्म कौशिक ने किया।कम जोत से ज्यादा पैदावार लेने वाले नवाचारी कृषकों को मिला सम्मान खेती घाटे का सौदा नहीं है। यह चरितार्थ करने वाले, कम जमीन से ज्यादा पैदावार उत्पन्न करने वाले, चुनिंदा नवाचार करने वाली कृषकों को सम्मानित किया गया। इनमें जैविक खेती के लिए किसान गिरधारी लाल, श्रीमति उर्मिला धारणिया, श्रीमति सुनीता कँवर, अंजीर की खेती के लिए संदीप गोदारा, ड्रेगन फ्रूट के लिए सुनील कुमार, अजित बेनीवाल, एलोवेरा जूस के लिए अजय स्वामी, ऑर्गेनिक गुड़ के लिए करमजीत सिंह, मधुमक्खी पालन के लिए विनोद कुमार, चरक आयुर्वेद के लिए श्रीमती पुजा बेनीवाल, निः शुल्क पोधा रोपण के लिए राहुल भारद्वाज, सुभाष खिचड़, देशी बीज के लिए अनूप कुमार, जोगेंदर राणा, देशी आचार के लिए नरेश कुमार, किन्नू के लिए शिवेंद्र, कुलदीप रासूवाला, आलू खेती के लिए नंदलाल कुलचंद्र, विजय कुमार टाक इसके अलावा विकास फगेड़िया, बलविन्द्र मान, सुनील मलिक, जांगिड़ वर्क एग्रीकल्चर इक्यूपमेंट को श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान प्रतीक और प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया।पशुपालकों के नवाचारों को मिला हज़ारों का सम्मान22 फरवरी को बीटल बकरी नस्ल प्रतियोगिता में पशुपालक चरणजीत मसानी, शाहनवाज 8 चक, साहीवाल नस्ल बछड़ी प्रतियोगिता में पशुपालक शेर सिंह, संतनगर, राजेंद्र नौरंगदेसर, बारबरी बकरी नस्ल प्रतियोगिता में पशुपालक बाबूखान (पंजाब), अमृतपाल सुंदरपुरा, देवेंद्र, मुर्रा भैंस नस्ल प्रतियोगिता में पशुपालक सुदेश (हिसार), नेतराम ( संगरिया), राजेंद्र नौरंगदेसर को सम्मानित किया गया। 23 फरवरी को थारपारकर नस्ल बछड़ी प्रतियोगिता के लिए पशुपालक राजेंद्र(रामपुरा), गुरमीत (पंजाब), महावीर (फतेहगढ़), मुर्रा बुल नस्ल प्रतियोगिता में पशुपालक पुरुषोत्तम (हरियाणा), अंजली (जींद), राजेश (हिसार), शुद्ध देशी नस्ल गाय प्रतियोगिता में पशुपालक राजेंद्र (रामपुरा), हर्षदीप सिंह (ऐलनाबाद), लक्षदीप (चक ज्वाला सिंह वाला, साहीवाल नस्ल के लिए राजेंद्र (रामपुरा), गुरमीत (पंजाब), महावीर (फतेहगढ़) को चैक राशि देकर सम्मानित किया गया। पशुपालकों को 31 हजार से लेकर 5100 रुपए तक की नगद राशि का चैक देकर सम्मानित किया गया।उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषको को किया पुरस्कृत कृषि विभाग की आत्मा (कृषि प्रोद्योगिकी प्रवन्धन संस्थान) योजनान्तर्गत कृषि व कृषि से सम्बद्ध क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियो यथा समन्वित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, जैविक खेती व नवाचारी खेती आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषको को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया गया। जिले की प्रत्येक पंचायत समिति से एक-एक कृषक इस प्रकार जिले की कुल सात पंचायत समितियों में 35 कृषक व पंचायत समिति स्तर पर चयनित 35 कृषकों में से उत्कृष्ट प्रत्येक गतिविधि में दो-दो कृषको का जिला स्तर पर कुल 10 कृषकों का चयन किया गया। पंचायत समिति स्तर पर चयनित कृषक को दस हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र तथा जिला स्तर पर चयनित कृषक को पच्चीस हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।ओमप्रकाश जाट निवासी चक 22 एनडीआर, यशवंत सिंह राजपूत निवासी अमरपुरा थेड़ी, श्रवण कुमार बिश्नोई निवासी चक23 एमओडी, हरदयालपुरा, नरेश कुमार जाट निवासी 2पीबीएन, पीलीबंगा, वीरेंद्र कुमार निवासी चक 7 एचडीपी, सुरावाली, बलजिंद्र सिंह जटसिख निवासी 2 केएसपी, कृष्ण लाल निवासी न्योलखी, शिवभगवान निवासी चांदेरी छोटी, रामनिवास बिजारणियां निवासी फेफाना, सतीश कुमार निवासी मेहराना। उक्त इन दस किसानों को पच्चीस हजार रुपए देकर प्रोत्साहित किया गया।समापन कार्यक्रम में यह रहे मौजूद समापन कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सहित प्रबंध निदेशक दिनेश जुनेजा, आईसीएआर वैज्ञानिक डॉ. उमेश श्री वास्तव, डॉ. आर एल सपरा, डॉ. अमर सिंह पूनिया, रिटायर्ड आईजी केपी सिंह (अयोध्या), एडिशनल एसपी अरविंद बिश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर, पूर्व प्रधान रामसिंह बराड़, बाबा लाल सिंह, भाजपा नेत्री गुलाब सिंवर, बार संघ अध्यक्ष रोहित खीची, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, कामरेड रामेश्वर वर्मा, अशोक गाबा, डॉ.रामवतार मीणा, रिटायर्ड आईजी गिरीश चावला, सरपंच जगतार सिंह बराड़, राजेंद्र भांभू, देवेंद्र अग्रवाल, प्रताप सिंवर, भाजपा नेता अजयपाल ज्याणी, जगपाल सिंह, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धु, उपनिदेशक उद्यान रमेश बराला, कृषि (आत्मा) उपनिदेशक डॉ. सुभाष चन्द्र डूडी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद यादव, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक दिव्या, पंचगौरव नोडल श्रीमती ममता बिश्नोई, एसीबीओ रजनीश गोदारा मौजूद रहे।

स्वामी प्रकाशक लक्ष्मी नारायण स्वामी एवं मुद्रक विकास शर्मा के द्वारा शांति सरोज प्रिंटर्स अंबेडकर कॉलोनी हनुमानगढ़ टाउन जिला हनुमानगढ़ से मुद्रित एवं कार्यालय नवरतन भारत वार्ड नंबर 17 गोविंद सिंह नगर हनुमानगढ़ जंक्शन जिला हनुमानगढ़ राजस्थान335512 से प्रकाशित एवं प्रसारित संपादक लक्ष्मी नारायण स्वामी, वाद- विवाद का न्यायिक क्षेत्र हनुमानगढ़ होगा RNI NO RAJBIL/2023/88776 www.navratanbharat.com,email:-info@navratanbharat.com, navratnbharat@gmail.com